भीमविजयगणि ने राणपुर, वरकाणा, आबू से गौडी, संखेश्वर प्रमुख तीर्थों की यात्रा की और स्थिरवास करने के लिए कृष्णगढ आए, इस चातुर्मास में रायपसेणी, उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, भगवती आदि आगमों का श्रवण कर यति लोगों को वस्त्र पात्रादि से संतुष्ट किये। सं.१७७१ भाद्रवा वदि १५ रविवार के दिन शिष्यों को हितशिक्षा देकर अनशन आराधनापूर्वक अर्द्धरात्रि के समय भीमविजयगणि स्वर्गवासी हुए। बड़े ही उत्सव व समारोह के साथ सबने पंन्यासजी की अन्त्येष्टि क्रिया की। १२ दिन हो जाने पर फूलों को गंगा में प्रवाहित कर छतरी स्तूप निवेश बनवाया

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गया एवं चारों ओर कोट बनाकर बगीचा लगाया गया। कूप-वापी निर्मित कर जनता के जल भरने की सुविधा प्रस्तुत कर दी। नवाब के किसी चुगलखोर ने कान भर दिये। उसने चढाई करके सब माल लूट लिया तब इनके पट्टधर मुक्तिविजयगणि ने नवाब से मिलकर सन्मानपूर्वक सबको मुक्त करवा दिये।

❊ ♦ ❊

पुस्तक समीक्षा

(अनुसंधान पृष्ठ-३३ से)

जीव विचार के विषय में श्री यशोविजय संस्कृत पाठशाला महेसाणा, पदार्थ प्रकाश जैसे अनेक प्रकाशन लम्बे समय से उपलब्ध है तथा लम्बे समय से उनका ही प्रधानता से अभ्यास किया जा रहा है तो प्रश्न है फिर इस प्रकाशन की आवश्यकता क्यों हुई? तो इसका उत्तर यह है कि पूर्व के सारे प्रकाशन अपनी-अपनी खासीयत के हिसाब से आज भी उतने ही उपयोगी हैं। इस प्रकाशन की मुख्य खासीयत है इसका चित्र प्रधान होना। सौ शब्द जो काम नहीं कर सकते हैं, वह एक चित्र कर देता है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए जीवविचार का सर्वांग संपूर्ण बोध हो इस हेतु से यह चित्र प्रधान संकलन तैयार किया गया है।

इस प्रकाशन की विशेषता यह है कि इसके प्रत्येक शब्द, प्रत्येक गाथा के साथ ही प्रत्येक गाथा में विद्यमान तत्त्वों का सरल विवेचन किया गया है, ग्रंथ में स्थित सूचनाएँ लम्बे समय तक मस्तिष्क में याद रहे इस हेतु से उन सूचनाओं से संबंधित चित्र तैयार किए गए हैं तथा चित्र के माध्यम से जीवतत्त्व की विशेषता को समझाया गया है। जिससे यह प्रकाशन बाल जीवों के साथ-साथ जीवतत्त्व को समझने की जिज्ञासा रखने वालों के लिए बहुत उपयोगी हो गया है। इसी विशेषता के कारण यह प्रकाशन जीवविचार संबंधी अन्य प्रकाशनों से विशेष उपयोगी प्रकाशन के रूप में स्थापित हो गया है।

पुस्तक की छपाई बहुत सुंदर ढंग से की गई है। आवरण भी कृति के अनुरूप बहुत ही आकर्षक बनाया गया है। श्रीसंघ, विद्वद्वर्ग व जिज्ञासु इसी प्रकार के और भी उत्तम प्रकाशनों की प्रतीक्षा में हैं। भविष्य में भी जिनशासन की उन्नति एवं उपयोगी ग्रन्थों के प्रकाशन में इनका अनुपम योगदान प्राप्त होता रहेगा, ऐसी प्रार्थना करते हैं।

इन दिनों पूज्यश्री एवं उनका शिष्य परिवार साहित्य जगत को निरन्तर अनेक उच्च दर्जे के सुसंशोधित प्रकाशनों को जिनशासन के चरणों में समर्पित कर अध्येताओं एवं आराधकों के लिए ज्ञानाराधना का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा परिवार का यह सौभाग्य है कि पूज्य आचार्य श्री योगतिलकसूरिजी महाराज साहब एवं निश्रित अभ्यासरत परिवार ज्ञानमंदिर में संकलित ग्रंथों का सबसे अधिक उपयोग करने वालों में से एक हैं।

पूज्यश्री के इस कार्य की सादर अनुमोदना के साथ कोटिशः वंदन ।

❊ ♦ ❊

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपाध्याय जयसागरजी कृत

नवतत्त्वविचारगर्भित महावीरजिन स्तवन

सुकुमार जगताप

जीवाइ नव पयत्थे, जो जाणइ तस्स होइ सम्मत्तं ।
भावेण सद्दहंतो, अयाणमाणो वि सम्मत्तं ॥५१॥ (नवतत्त्व प्रकरण)

मुक्ति के मार्ग में सम्यक्त्व के बिना प्रवेश की प्राप्ति नहीं होती है। इसलिए सम्यक्त्व को मुक्ति का द्वार भी कहा जाता हैं। वह उसे प्राप्त होता है जो जिनेश्वर दर्शित नवतत्त्वों को जानता है और भाव से मानता है। वर्तमान में इस विषय के अध्ययन हेतु नवतत्त्व प्रकरण प्रसिद्ध है। इसी विषय को दर्शाने वाली प्रायः अप्रगट अपभ्रंश भाषा निबद्ध कृति का यहाँ प्रकाशन किया जा रहा है।

९ तत्त्वों की संक्षिप्त व्याख्या-

१. जीवतत्त्व- जो प्राण को धारण करता है वह है जीवतत्त्व। इसमें भी द्रव्यप्राण और भावप्राण ऐसे दो प्रकार के प्राण होते हैं। सिद्ध जीव केवल भाव प्राण को ही धारण करते हैं, अन्यत्र संसारी जीव दोनों प्राणों को धारण करते हैं। २. अजीवतत्त्व- जीवतत्त्व से विपरीत जो जड़ स्वभाव वाला है, वह है अजीवतत्त्व। ३. पुण्यतत्त्व- शुभ एवं सत् कर्मों के परिणामस्वरूप जिसके उदय से सुख का अनुभव होता है, वह है पुण्यतत्त्व। ४. पापतत्त्व- अशुभ वा असत् कर्मों के परिणामस्वरूप जिसके उदय से दुःख का अनुभव होता है, वह है पापतत्त्व। ५. आश्रवतत्त्व- मिथ्यात्व आदि हेतु से कर्मों का आत्मा में जो आगमन होता है, वह है आश्रवतत्त्व। ६. संवरतत्त्व- आने वाले कर्मों को रोकना ही संवरतत्त्व है। ७. निर्जरातत्त्व- आत्मप्रदेश में आये हुए कर्मों का शनैः-शनैः क्षय करना यह निर्जरातत्त्व है। ८. बंधतत्त्व- नए कर्म परमाणुओं का आत्मप्रदेश के साथ क्षीर-नीर के भाँति मिल जाना ही बंधतत्त्व है। ९. मोक्षतत्त्व- सर्वथा कर्मों का क्षय होना ही मोक्षतत्त्व है।

नवतत्त्व की महिमा के साथ इस कृति में जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर का स्तवन किया गया है, जिसमें वह नवतत्त्वों का संक्षेप में बोध कराकर इस भवसागर से जीव की मुक्ति हेतु जिन परमात्मा से याचना करता है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रतिलेखक द्वारा क्षति से दुबारा दिये गए गाथांक १२ को हमने सुधारकर १३ किया है। संभवित शुद्धपाठ को हमने दुबारा कोष्टक में रखा है। कई स्थानों पर विराम चिह्नों की प्रविष्टि के सिवाय ही बड़े-बड़े छंद लिखे गए हैं, जिन्हें छन्दानुरूप करना प्रायःकठिन था। कहीं-कहीं अस्पष्ट लेखन के साथ ही भाषा की मर्यादा आदि कारणों से भी कई स्थानों पर क्षति रह गई हो तो विद्वज्जन सुधारकर पढ़ें यही प्रार्थना।

कृति परिचय

कृति की भाषा अपभ्रंश है। भास व घात नामक छंदों में रचित इस कृति का गाथा परिमाण २५ है। सर्वोत्कृष्ट पुण्य के धनी, जग उद्योतकर, वांछित वस्तु की पूर्त्ति में कल्पवृक्ष के समान व जिनका शासन दुस्तर भवसागर को पार कराने में समर्थ है, ऐसे महावीर भगवान को नमस्कार करते हुए कवि ने कृति का प्रारंभ किया है। जिनोपदिष्ट नवतत्त्ववाणी को कवि ने सुधारस की उपमा दी है, जो मिथ्यात्वरूपी विष का पान करने वाले को अच्छी नहीं लगती है। नवतत्त्वज्ञान को कवि ने नवनिधान के साथ जोडा है और केवलज्ञानरूपी लक्ष्मी व तीनों लोक में आनंद देने वाला कहा है। कवि ने परमात्मा के प्रति विनती करते हुए कहा है कि- हे त्रिभुवन नाथ ! आपके द्वारा उपदिष्ट नवतत्त्व को मैं संक्षेप में कहना चाहता हूँ। ऐसा कहकर विवेच्य विषय को आगे बढ़ाया है।

जीवाजीवापुन्नं पावासवसंवरनिज्जरणा भावा।
बंधो मुक्खो इइ नवतत्ता नायव्वा निम्मिय संमत्ता ॥६॥

इस कृति की गाथा क्र.६ में सम्यक्त्व को देने वाले जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा, बंध एवं मोक्ष इन नवतत्वों का नाम निर्देश किया गया है। उसके बाद प्रत्येक तत्त्व के स्थूल व सूक्ष्म भेद दर्शाये गए हैं। अंत में फलश्रुति में कवि ने दर्शाया है कि-

एयह तत्तह सद्दणिहु इणि मिच्छन्न(त्त) विणास।
लहइ जीव समकितरयण अणुवम महि निवास ॥२१॥

यह नवतत्त्व स्वीकारने योग्य है, इससे मिथ्यात्व का नाश होता है, समकितरत्न की प्राप्ति होती है, शाश्वत तेज उल्लसित होता है, ज्ञानरूपी मणि के दीपक जिसके प्रकाश में जीव-अजीवादि तत्त्वों की जानकारी प्राप्त होती है, दर्शन-ज्ञान के संयोग से चारित्र के परिणाम होते हैं , जिसके द्वारा मोह-लोभ-मद-कामादि शत्रुओं को जीता

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जा सकता है। इस ज्ञान-दर्शन-चारित्ररूप रत्नत्रयी के द्वारा समस्त दुःखों का अंत कर अखंड सुख की प्राप्ति होती है।

कर्ता परिचय

कृति की अंतिम गाथा में कर्ता के द्वारा स्वयं का निम्नलिखित रूप से परिचय दिया गया है, वह इस प्रकार है :

सिरि वीर जिणवर ति 'जयसायर' सोमसम सुहकारणो।
मह दिसउ निम्मलवयणिरस जगतारणो ॥२५॥

'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा' के संशोधकों एवं पण्डितों के द्वारा प्रस्तुत कर्ता एवं विद्वानों की सूचि में कुल ५८ जयसागरजी का नामोल्लेख प्राप्त होता है, किन्तु इस कृति की प्रशस्ति में कर्ता के द्वारा स्वयं के लिए विशेष रूप से कुछ भी स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है। कृति की रचना शैली एवं भाषा वैशिष्ट्य के कारण जयसागरजी अनुमानतः वि.सं. १५वीं शताब्दी के हो सकते हैं। अन्यत्र कर्ता से संबंधित कुछ भी विशेष माहिती उपलब्ध न होने के कारण इसकी सिद्धता वर्तमान समय में विद्वज्जनों के लिए संशोधन का विषय है।

हस्तप्रत परिचय

प्रस्तुत कृति का संपादन आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा स्थित ज्ञानभंडार की एकमात्र हस्तप्रत क्र.९४६०७ के आधार पर किया गया है। इस प्रत में कुल पत्र संख्या ३६ हैं, किंतु उपलब्ध पत्र संख्या ३२ हैं (पत्रांक-२२ और ३० से ३२ कुल-४ पत्र अनुपलब्ध हैं), साथ ही २५ पेटा-कृतियों से युक्त इस हस्तप्रत में प्रस्तुत कृति २३वे अनुक्रम पर स्थित पत्र क्र.३४आ-३५अ पर प्राप्त होती है।

पेटांक-प्रारूप के अंतर्गत इस कृति का प्रत में नामकरण 'नवतत्त्वविचारमय स्तोत्र' के साथ उल्लिखित है। लिपिविन्यास, लेखनकला तथा कागज आदि के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि यह हस्तप्रत वि.सं. १६वीं शताब्दी में लिखी गई होनी चाहिए, प्रतिलेखक एवं लेखनस्थल अनुपलब्ध है। पंक्तियों की संख्या १४-१६ तक और प्रतिपंक्ति अक्षरों की संख्या ५२-५८ तक प्राप्त होती हैं। जलार्द्रता के कारण हस्तप्रत में कई पत्रों के अक्षर आमने-सामने छप गए हैं, कई स्थानों पर स्याही फैली हुई है, जिससे कहीं-कहीं अक्षर पढ़ने में कठिनाई होती है। कहीं-कहीं फफुंदग्रस्त पत्र भी प्राप्त होते हैं और मूषकभक्षित होने के कारण कुछ पत्रों की

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किनारी खंडित है। कहीं-कहीं जीवातकृत छिद्र युक्त पत्र भी प्राप्त होते हैं साथ ही प्रत के अंतर्गत कृतियों का मूल पाठ भी अल्प मात्रा में खंडित है। इस हस्तप्रत की विशेषता यह है कि ताडपत्र के परंपरानुसार बीच में वापी, वापी के मध्य व दोनों पार्श्वरेखाओं के बाहर चंद्रक दिये गए हैं। इस प्रत में पत्रांक दो जगह दिये गए हैं। कोने में दिये गए पत्रांक १ से प्रारंभ होते हैं और पार्श्वरेखा बाहर चंद्रक के बीच बड़े अक्षरों में ९८ से पत्रांक नजर आते हैं। संभव है कि इस प्रत का अन्य भाग कहीं और हो। इस हस्तप्रत का सन्दर्भ 'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा तीर्थ' से प्रकाशित हस्तलिखित जैन साहित्य 'कैलास श्रुतसागर ग्रंथसूची' के खंड -१.१.२२, पृ.क्र.४६९ पर प्राप्त होता है।

नवतत्त्वविचारगर्भित महावीरजिन स्तवन

॥ऍ0॥ सामिय सोहगसार जग उज्जोयकर।
जउ जिणेसर वीर तिहुयण वंछिय य कप्पतर ॥१॥

जे जगनायक जीव भवसागर दूतसतररइं (दुस्तर तरइ)।
ते सव वि सासण तुम्ह पदहणनी परि अणुसरइ ॥२॥

तां जिण जण मिच्छत्त विस लहरिहिं थारिउ भमइ जीं
नवतत्त विचारु वयण सुहारस न हु गमइ ॥३॥

अहवा पहु नवतत्त नवनिहाण जि लहइं।
केवल लच्छि पसाइ ते नर तिहुयणि गहगहइं ॥३(४)॥

तउ हउं तिहुयणनाह तुम्ह वयण नवतत्तमय।
वक्खाणिसु संखेवि वयणेतर तह ..णतय(सासणतय?) ॥५॥

॥ भास ॥

जीवाजीवापुन्नं पावासवसंवरनिज्जरणा भावा।
बंधो मुक्खो इइ नवतत्ता नायव्वा निम्मिय संमत्ता ॥६॥

चउदस चउदस बायालीसा छया(ब्या)सीई तह बायालीसा।
सत्तावन्नं बारसभेया चउ नव पए कमसो नेया ॥७॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ भास ॥

एगिंदिय पुढवी पमुह बायर सुहुम दु भेय पण।
विगलिंदिय संनियर पंचिंदिय सग ते य पज्जत्ता॥
पज्जत्त कमि इम चउदसविह सत्त पज्जत्ता।
चउपंचच्छहिं तिह अकरणि अपज्जत्ता ॥८॥

धम्माधम्मागास तिय गुणि गइ तिइ अवगाह।
खंधादेसपएस तय भेया एगिग माहि॥
काल समय पुग्गल चउह खंधादेसपएस।
परिमाणू इम चउदसह सयल अजीवनिवेस ॥९॥

पहिलउं सायावेयणी य मणदुग उच्चागोय।
जाइ पणिंदिय देव दुग सूसर सुहगु जोय॥
उरालिय पमुहंग पणआ इति अंगोवंग।
ऊसासा य व अगुरुलहु बन्ना इय चउभंग ॥१०॥

वज्जरिसहवरसंघयण आइमतह संठाण।
तस बायर पज्जत्त सुह सुखगइ जस निम्माण॥
पत्तेयं थिर तित्थिरयर आइज्जं परघाय।
आउय सुर नर तिरिय सुहइ य बायालह जाय ॥११॥

दंसण नाणह अंतराय नव पण भ(भे?)या नीयागोय।
असाय मिच्छ थावरदस निनेया सा(सो?)ल कसाय॥
हुहासछक्क पुरिसा इति वेया।
कुखगइ इग दु ति चउर करण चउ जाई एया ॥१२॥

नारय तिय तिरि दु उवघाय चउवन्ना असुहा।
संघः(घ)यणा संठाण पढम परिवज्जिय दसहा॥
पावह ब्यासी भेय एय जिणसासणि कहिया।
असुह पएसिहिं बंध एसि जीवेहिं विहिया ॥१३॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ घात ॥

इ(इं)दिय पंच य च्यारि कसाया, अव्वय पंच मणो-वय-काया, तिन्नि वि एए जोग।
पंचवीस किरिया, तह कहियइ, बीयालीस य भेया लहीयइं, इम आसव संजोग॥
पहिली काइय अहिगरिणीया, पाउसिया तह परितावणीया, पाणिबहाः आरंभा।
परिगहिया तह मायावत्तिय, नवमी मिच्छादंसणवतिय, दसमी अविरइ लंभ ॥१४॥

दिठ्ठिय पुठ्ठिय किरि पाडुच्चिया, तह सामंतोवणिय समुव्वियी, नेसत्थि य संजोग।
साहत्थिय तह आणवणीया, अठ्ठारसमी वेयारणीया, तह वेवाणा भोग ॥
वीसमिया णवकंखा पव्विय, पाउसिया समुदाण तहव्विय, हे पिज्जप्पच्चिय हेव।
दोसप्पच्चिय इरियावहिया, किरिया एया सव्वा कहिया, पणवीस य संखेव ॥१५॥

॥ भास ॥

पंचइए समिइ तिय गुत्ति दसहिं भेएहिं साहूण धम्मभावणए।
बारस हुंति पंचपयर चारित्त सम्म बिहुं करीए ॥
आग्गल वीस सयल परीसह जाणियए।
संवरए सत्तं पचास भेयहिं एम वखाणियए ॥१६॥

अणसणए ऊणयरिय, वित्तिसंखेवण रसहचाय।
पंचमए कायकिलेस, संलीणय तव बज्झजाय ॥
तह सुहएकुण(?) पच्छित्त, वेयावच्चह काउयसग्ग।
विणयहए करण सज्झाय, इय अब्भिंतर तवह मग्ग ॥१७॥

गिण्हईए दलिय जे जीव कम्मजुग्ग णिसुव्विय पएस।
जं चियए हुइ अवठाण ते सिसो कहियइ ठिइ निवेस ॥
तत्थ जुए महुर कडुयाइ असुह वा सुह वा सुहरस सोणुभाग।
एय हए मिलणि होइ चउ पत्थउ गई संठिई विभाग ॥१८॥

॥ भास ॥

संत पयठ्ठावण पढम बीयउ दव्वपमाण।
तइय खित्तु फुसणा तुरिय पंचमकाल सुजाण ॥१९॥
छठ्ठउ अंतर सत्तम य भागठ्ठम तह भाव।
नवमउ अप्पबहुत्त इम मुक्ख न(त)त्त सब्भाव ॥२०॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

एयह तत्तह सद्दणिहु इणि मिच्छन्न(त्त) विणास।
लहइ जीव समकितरयण अणुवम महि निवास ॥२१॥

सासय तेय समुल्लसइ तायणु नाणमणिदीव।
जेह लगी जगि जाणियइ भावा जीवअजीवा ॥२२॥

दंसणनाणह जोगि तह चारिन्न(त्त)ह परिणाम।
जेण जिणिज्जइ अरि सयल मोहलोहमयकामा ॥२३॥

सम्मं इय रयणत्तयह भत्तिहिं लहियइ सुक्ख।
जत्थ जीवगय पावमल भुंजइ सासयसुक्खा ॥२४॥

इय नाणदंसणचरणगुणगण रयणधारणरोहणो।
सुरअसुरकिंनरनरमुणीसर मणवयण तणु मोहसणो ॥
सिरि वीर जिणवर ति जयसायर सोमसम सुहकारणो।
मह दिसउ निम्मंलवयणि रस जगतारणो ॥२५॥

इति श्रीनवतत्त्वविचारमयं स्तोत्रं समाप्तम् ॥

❊ ♦ ❊

(अनुसंधान पृष्ठ सं. ३० से)

गुजराती लिपिनी सर्वांग सुंदरता ए लेखकोनी नजर आगळ छे, एटले तो आ परिपाक ह्यलना समयमां अति व्हेलो फळे ए पण कुदरती। आ विषयमां म्हारी छेल्ली अने सौथी मोटी अभिलाषा तो एवी के आ कुदरती समुत्क्रांति सिद्ध थाव, अने “सुं सां पेसा चार” नी लिपि “इधर उधरका सोळह आना” नी लिपि पण बनी रहे !*

(बुद्धिप्रकाश, ई.१९३४, पुस्तक-८२, अंक-२ में से साभार)

❊ ♦ ❊

---

* गुजराती लिपिमांना बे त्रण अक्षरने ठेकाणे देवनागरीना ते अक्षर माथां वगर एटले बोडा स्वीकारवामां आवे, तो आ बंने लिपि एक बीजीनी निकटतर आवे, ए वात विचारणीय छे. परंतु आमां पहेल कोणे करवी वारु? देवनागरी लेखको “माथां” छोडी दे, देवनागरी पुस्तको “माथां” वगर छपातां थाय, तो पछी ए लिपिमां आपोआप जे परिवर्तनो थवा पामशे गुजराती लिपि उपर पण पूरती असर उपजाव्या वगर नहीं रहे.

नोटः- लेखक के प्रत्येक कथन से सम्पादक सहमत हो यह आवश्यक नहीं है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुजराती माटे देवनागरी लिपि के हिन्दी माटे गुजराती लिपि?

हिन्दवी

(गतांकथी आगळ..)

आ आपकथनीनी चालता विषयने वळी वधारे स्पर्शती विगत आ, के हुं हिन्दु छुं ओलादे, पण म्हारां धर्म मंतव्यो जे होय ते केटलां "हिन्दु" हशे केटलां नहीं, ते हुं पोते नथी जाणतो। हिन्दी-ऊर्दु प्रदेशवासी "सनातनी"

हिन्दुओ म्हने साचा हिन्दु लेखे ना पण स्वीकारी शके। परंतु हुं हिन्दवी (इन्डियन Indian) तो छुं, हिन्दवी देशभक्ति म्हारी पण भावना छे, हिन्दु अने मुस्लिम बंने म्हारा भाईओ छे, सगा भाईओ छे। सर सैयद आह्मदनुं पेलुं महावाक्य, "हिन्दु अने मुस्लिम हिन्द बे आंखो छे," ते म्हने अक्षरशः मान्य छे। वळी आ बधुं अहीं नग्नरूपे जणावुं छुं, म्हारी फोकियत लेखे मुद्दल नहीं। आजे आपणा हिन्दमां भणेलाओ छीए, तेमांना घणा घणा जन्मे हिन्दु इसमोनुं मानस "सनातनी" नहीं, आ प्रकारनुं छे, ए वस्तुस्थिति बनती स्पष्टताथी दर्शावी देवानो ज हेतु छे अने हिन्दवी भणेलाओमांथी जे मोटी संख्यानुं मानस "सनातनी" नथी "आर्यसमाजी" नथी अने आवुं छे, तेमना वाचाळ प्रतिनिधि लेखे चोक्खुं कही देवा इच्छुं छुं के हिन्दी-ऊर्दु भाषाना विशाळ प्रदेशमां वसती संकर जनता साथे ऐक्य वधारवाना मार्ग एक नहीं, अमने तो बे जणाय छे, एकबीजाने समान अने समान्तर। ऊर्दु लिपिना प्रचारनो आग्रह एकला मुस्लिम बंधुओए शाने धरवो? आपणे पण केम एने माटे जेटलो देवनागरी लिपिना प्रचार माटे धरीए तेटलो न धरवो? मात्र लिपि फेलातां ते जे भाषानी ते भाषाना ज्ञानफेलावमां थोडो ज लाभ मळी शके, ए तो उपर कहेवाय गयुं। पण जेटलो देवानगरीना फेलावथी हिन्दीभाषाना फेलावमां लाभ थवो संभवित तेटलो उर्दु लिपिना फेलावथी ऊर्दु भाषाना फेलावमां पण संभवित। ऐक्यवृद्धि जेटली हिन्दीज्ञान फेलावा वडे तेटली ऊर्दुज्ञान फेलावा वडे पण अने हिन्दी-ऊर्दु भाषाशास्त्रमां बे भाषा गणी शकाय एटली भिन्न छे नहीं। हिन्दीना फेलाव साथे ऊर्दुनुं ज्ञान फेलाशे। ऊर्दुना फेलाव साथे हिन्दीनो पण थवानो। देवनागरी लिपि शीखवामां हिन्दुओने स्हेली पडी जाय एवुं पण नथी। हुं तो उर्दुलिपि आखी एक ज दिवसमां शीख्यो हतो, अने कोईपण एकाग्र अभ्यासमां टेवायेलो जिज्ञासु बहु थोडा वखतमां शीखी शके छे।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुजरातना मुस्लिमोमां कुरानेशरीफ गुजराती लिपिमां छापेलुं वंचाय छे। बंगाळमां कुरानेशरीफ बंगाळी लिपिमां छापेलुं वंचाय छे। घणा संस्कृत ग्रंथो पण त्यां बंगाळी लिपिमां छपाता अने छपाय छे। आ प्रवृत्तिओ राज्यना आश्रय विना तेम प्रचारकोना उद्यम वगर चाली रही छे अने केळवणी वधतां वाचकोनी संख्या वळी जिज्ञासाना वधारा साथे वधती ज रहेशे। देवनागरी लिपि माटे आग्रह धरावनाराओनां ध्यान आ हकीकतो तरफ पण जवां जोईए। संस्कृत ग्रंथो बंगाळी-गुजराती तेलुगु आदिने बदले आखा हिन्दमां तक्षशिलाथी कोलंबो लगी देवनागरी लिपिमां छपाय ते ज बेहतर, संस्कृत लखाण पण देवनागरीमां ज थाय ते बेहतर, ऊर्दूभाषाना प्रदेश ब्हार वसता मुस्लिमोमां पोताना वतननी भाषा अने लिपिना ज्ञाननी साथे ऊर्दु ज्ञान वधे ते बेहतर हिन्दी देवनागरीनो फेलाव अने ऊर्दुनो फेलाव बंने सरखा इच्छवा योग्य, एके बीजा करतां चडियातो शानो? एवां एवां म्हारां तो मत छे। म्हारी मातृभाषा अने लिपिना प्रचारनी साथे बीजी कोई भाषा के लिपिना प्रचार माटे आग्रह राखवा मने कोई दलीलमां उतारे, तो हुं आ त्रण चार आग्रह एक साथे धरवाने कबूल थई शकुं खरो, एमांथी कोईपण एक वधु महत्वनो, वधु व्यवहारु के वधु वाजबी म्हने तो न लागे।

छेल्ली वात. देवनागरी लिपिमांथी समुत्क्रांतिने कुदरती क्रमे गुजराती लिपि घडाई छे। अने सांभळुं छुं के हिन्दीभाषाप्रेमीओमां पोतानी मातृभाषा (हिन्दी)ने माथे पाघडी वगरनी अथवा लिपि शब्द नारीजातिनो एटले बीजुं रूपक वापरीए तो, दक्षिणी सौभाग्यवतीओनी जेम खुल्लां माथांवाळी देवनागरी लिपि लखवानी चाल, सुधारा लेखे किंवा सुगमतानी खातर, शरू थई चुकी छे। आ चाल केटली फेलाशे, केटली झडपे परीक्षापत्रकोना जवाबो लखता विद्यार्थीओ ज "बोडिया" देवनागरी लखे छे के हिन्दी विद्वानो पण कॉलेजोमां पडती आदतने पछी वळगी रहे छे, ए समजावाने माटे तो केटलोक समय जवो जोईए। जे लहियाने माथां छोडी देवानी टेव एकवार पडी जाय, ते एवी तस्दीने पाछो आवकार दे एवो संभव तो नथी। तथापि केटलोक समय वीते ते पछी ज कही शकाय, अने आ चाल जोरथी अने त्वराथी फेलाय छे, एम देखाय तो? तो बीजी वार जुवो पेलां जोडकां। लेखकनो जमणो हाथ प्रवाहिता साधे ए ज कुदरती। ए डाबी बाजुनी आकृतिओ क्रमे क्रमे जमणी बाजुनी आकृतिओमां परिणमे ए ज कुदरती। जड देवनागरी स्थूल देवनागरी डबकाशाई देवनागरी सुघड सजीवन मरोडदार गुजरातीमां परिपाक पामे ए ज कुदरती।

(अनुसंधान पृष्ठ सं.२८ पर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्राचीन पाण्डुलिपियों की संरक्षण विधि

राहुल आर. त्रिवेदी

सुरक्षात्मक संरक्षण (Preventive conservation)

सुरक्षात्मक संरक्षण प्राथमिक स्तर का कार्य है, जो बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत निम्नलिखित बातों को ध्यान में लिया जाता है। १) संग्रहण व्यवस्था(Storage Handling), २) मेकेनिकल क्लिनिंग (Mechanical Cleaning) तथा ३) सूचिकरण (Cataloguing)।

१) संग्रहण व्यवस्था (Storage Handling)

संग्रहण (Storage) के ६ प्रकार- प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों को सुरक्षित स्थान में रखा जाता है। संग्रहण के छः प्रकार बताए गए हैं, जो इस प्रकार है- १) विकसित सञ्चय Open storage, २) संकीर्ण सञ्चय Closed storage, ३) प्रत्यक्ष सञ्चय Visible storage, ४) सीधा-लम्बरूप श्रेणीबद्ध सञ्चय vertical ranck, ५) आलमारी cabinet ६) तथा सुसम्बद्ध सञ्चय Compact storage. इनमें से Compact storage सबसे अच्छा है क्यूंकि कम जगह में अधिक सामग्री रखी जा सकती है, इस विधि का उपयोग वर्तमान में हमारी संस्था में किया जा रहा है। ऊपर बताए गए इन कबाटों में रखने हेतु व्यवस्था कर रहे कार्यकर्ताओं को सावधानी रखनी पडती है। हस्तप्रतों को कबाटों में सुंदर रूप से थप्पी बनाकर, लकड़ी के बक्से या पोथी में बांधकर रखनी चाहिए।

कवर के २ प्रकार- कवर के भी दो प्रकार होते है, १) फ्लेप(Flap) कवर और २) रैप(Wrap) कवर। ग्रंथ के पन्ने १ से ३० तक हो तो फ्लेप कवर करना होता है। यदि ग्रंथ के पन्ने ३०-से ३५ या उससे भी अधिक हो तो उसे रैप कवर करना चाहिए। फ्लेप कवर के लिए एसिड फ्री पेपर का उपयोग किया जाता है, पेपर की शीट में हस्तप्रत को मध्यबिंदु में रखकर उसकी लंबाई व चौड़ाई का माप लेकर चारों कोनों को काट दिया जाता है जिससे वह लम्बचौरस कवर हो जाता है। रैप कवर के लिए पेपर को हस्तप्रत की लंबाई के अनुसार तीन गुना रखकर काटा जाता है और उन ग्रंथो को पोथी में बांधा जाता है। पाण्डुपिलिपियों को पोथी में बांधने के लिए कोटन या रेशम के लाल या पीले कपड़े का उपयोग किया जाता है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

संग्रहण से सम्बन्धित कुछ सावधानियाँ -

१. पाण्डुलिपियों को रखो जानेवाली आलमारियों में धूल-मिट्टी नहीं होनी चाहिए।
२. स्टोरेज की जगह पर अनावश्यक चीजें नहीं रखनी चाहिए।
३. स्टोरेजवाले स्थान की नित्य सफाई करनी चाहिए।
४. स्टोरेज स्थान के आस-पास जूते-चप्पल पहने कोई नहीं आना चाहिए।
५. खाद्य पदार्थ और धूम्रपान का उपयोग कभी नहीं करना चाहिए।
६. कीड़े-मकोड़े या जीव-जन्तुओं का प्रवेश न हो एवं आग लगने का भय न रहे इस प्रकार का स्थान होना चाहिए
७. हस्तप्रतों के कागजों को उठाते समय खराब निर्वहण(mis-handling) न हो उसका पूरा ध्यान रखना चाहिए।
८. हस्तप्रतों को उठाते समय पुट्ठा या लकड़ी के पट्टी से आधार देकर उठाना चाहिए। जिससे हस्तप्रतों के पन्नों को फटने से बचाया जा सके।
९. पाण्डुलिपियों के ऊपर वजन वाली भारी वस्तु को नहीं रखनी चाहिए।
१०. गरमी या वर्षा के मौसम में पाण्डुलिपियों को किसी प्रकार का नुकसान न हो, इस बात का ध्यान रखना चाहिए।
११. स्टोरेज के क्षेत्र में वर्षा के मौसम में पानी की बूंदे या छींटे नहीं आएं, इसका पूरा ध्यान रखना चाहिए।
१२. स्टोरेज की जगह के आस-पास पानी की पाईप लाईन नहीं होनी चाहिए।
१३. स्टोरेज में रखी हुई पाण्डुलिपियों के ऊपर किसी तरह के जीव-जन्तुओं का असर तो नहीं हुआ है, यह ७ दिनों या १५ दिनों में नियमित रूप से चेक करते रहना चाहिए।

स्टोरेज क्षेत्र का तापमान- स्टोरेज के स्थान का तापमान(Temperature) एवं नमी(Humidity) अनुकूल होनी चाहिए। पाण्डुलिपियों के लिए जो वातावरण सानुकुल हो उसका ध्यान रखना चाहिए। टेम्प्रेचर व नमी को नापने के लिए लक्स मीटर तथा हाइग्रोमीटर (आर्द्रतामापक यन्त्र) का उपयोग किया जाता है। स्टोरेज स्थान का टेम्प्रेचर-२०-२५°C होना चाहिए और उस स्थान की नमी(Reletive humidity)-४५-५०% होनी चाहिए।

(क्रमशः)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुस्तक समीक्षा

डॉ. हेमन्त कुमार

पुस्तक नाम	-	जीवविचार याने जैनशासननुं जीव विज्ञान
कर्ता	-	श्री शान्तिसूरि
संपादक	-	श्री योगतिलकसूरि म. सा.
प्रकाशक	-	शांतिकनक श्रमणोपासक ट्रस्ट, सुरत
प्रकाशन वर्ष	-	वि. सं. २०७५
मूल्य	-	९००/-
पृष्ठ	-	२८८
भाषा	-	प्राकृत मूल, संस्कृत छाया एवं गुजराती विवेचन
विशेषता	-	चित्रों की प्रधानता से जीवविचार प्रकरण का विवेचन

जैनधर्म-दर्शन को समझने का अर्थ है, जीव के स्वरूप को समझ लेना, और जीव के स्वरूप को समझने का अर्थ है, परमात्मा के रहस्य को समझ लेना। जीव अर्थात् आत्मा। जीव यानी चेतन। जीवों का विचार अर्थात् मेरा, आपका और सभी जीवों का विचार करना। जीवों के सद्गुण-दुर्गुण के संबंध में जानकारी प्राप्त करनी। जीवों के भेद-प्रभेद को जानना।

जीव विचार प्रकरण कोई कहानी, उपन्यास या घटना प्रधान साहित्य नहीं है, बल्कि यह तत्त्वज्ञान से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण प्रकरण है, जिसमें जीवमात्र से संबंधित व्यापक जानकारी समाहित है। मात्र ५१ गाथाओं में जीवतत्त्व का व्यापक परिचय समाहित होने से प्रस्तुत प्रकरण का स्वाध्याय प्रत्येक स्वाध्यायी के लिए अनिवार्य सा हो गया है। जबतक जीवतत्त्व की सूक्ष्मता को हम नहीं समझेंगे तबतक उसके जीवन की सुरक्षा नहीं कर पाएँगे। प्रायः अनावश्यक और व्यर्थ की जीव हिंसा से हम स्वयं को दूषित कर बैठते हैं। इसका कारण है, जीव के प्रति अहिंसा धर्म के पालन के ज्ञान से हमारी अनभिज्ञता। यदि हम सभी प्रकार के निगोद से लेकर सिद्ध परमात्मा तक के जीव की स्थिति से अवगत हो जाएँ तो हम अपने जीवन को अहिंसामय बना सकते हैं, साथ ही उनके उपकारों का स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञ भी हो सकते हैं।

अब यहाँ प्रश्न है कि जैनशासन में जीवविचार का वर्णन तो श्री जीवाजीवाभिगमसूत्र तथा श्री प्रज्ञापनासूत्र जैसे आगम ग्रंथों में विस्तार से किया गया है, फिर अलग से इस ग्रंथ की उपयोगिता क्या है? यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि उपरोक्त महान शास्त्रों का अध्ययन-वांचन बालजीवों के लिए शक्य नहीं होने के कारण इस ग्रंथ की रचना की आवश्यकता हुई।

(अनुसंधान पृष्ठ-२१पर)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समाचार सार

पूज्य राष्ट्रसंत श्री की पावन निश्रा में कोबा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अत्याधुनिक संग्रहालय का निर्माण कार्य प्रारंभ

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र में आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर के द्वितीय तल पर सम्राट् संप्रति संग्रहालय विद्यमान है। प्रतिवर्ष जैन-जैनेतर, स्कूल-कॉलेज एवं देश-विदेश के हजारों दर्शनार्थी इस संग्रहालय का अवलोकन करते हैं। स्थानाभाव के कारण यहाँ कुल संग्रह में से मात्र दस प्रतिशत सामग्री ही प्रदर्शित की गई है।

यहाँ संकलित भारतीय व जैन शिल्प स्थापत्य की कलाकृतियों के विशाल संग्रह को योग्य रूप से प्रदर्शित करने हेतु काफी समय से विचार-विमर्श चल रहा था। अंततः वह घड़ी आ गई और जिनालय व भोजनशाला के बीच खाली पड़ी विशाल जगह पर भव्यातिभव्य संग्रहालय हेतु भवन का निर्माणकार्य राष्ट्रसंत प.पू. आचार्य श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा व वासनिक्षेप एवं मंगलवचनों के साथ कार्तिक कृष्णपक्ष ८ बुधवार दि. २० नवम्बर २०१९ को प्रारंभ कर दिया गया।

प्रस्तुत प्रसंग पर आणंदजी कल्याणजी पेढी व श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र के ट्रस्टीवर्य श्री श्रीपालभाई शाह, ट्रस्टी श्री दर्शितभाई शाह, ट्रस्टी श्री डिम्पलभाई मारफतिया, कारोबारी श्री रजनीभाई शाह आदि अन्य कई महानुभाव उपस्थित थे। प्रस्तुत प्रसंग पर महावीरालय में प्रातः ज्ञानमंदिर के पं. श्री गजेन्द्रभाई शाह द्वारा स्नात्रपूजा करवाई गई, तत्पश्चात् स्नात्रजलादि द्वारा भूमिपूजन किया गया और खातमूहुर्त के साथ कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

इस कार्य हेतु अनुभवी इन्जीनीयर, योग्य सलाहकार व अधिकारीगण तथा कार्य को अंजाम देने वाले शताधिक कर्मचारियों का दल काम पर लगाया गया है। उनके अस्थायी आवास हेतु कर्मचारी कॉलोनी का भी निर्माण किया गया है। तेज गति से निर्माण कार्य चल रहे हैं। आशा है कि इस विशालकाय संग्रहालय का मूर्तिमंत दिव्यदर्शन तीन वर्ष के अल्प समय में ही हो जाएगा।

For Private and Personal Use Only

पूज्य आचार्यदेव राष्ट्रसन्त श्री पद्मसागरसूरीश्वरजी महाराजा की निश्रा में आयोजित सम्राट् सम्प्रति संग्रहालय के नूतनभवननिर्माण हेतु भूमिपूजन का दृश्य

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY).
Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date
of every month under Postal Regd. No. G-GNR-334 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2021.

सम्राट् संप्रति संग्रहालय हेतु प्रस्तावित नूतन भवन का चित्र

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक
श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र
आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा
जि. गांधीनगर ३८२००७
फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२
फेक्स (०७९) २३२७६२४९
Website : www.kobatirth.org
email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. And **Printed at :** NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and **Published at :** SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.& Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. **Editor :** HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only